## महत्वपूर्ण एवं खास

### बारूद फैक्ट्री विस्फोट की न्यायिक जांच शुरू

**बेमेतरा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा स्थित बारूद फैक्ट्री में भीषण आगजनी के मामले में मंगलवार को न्यायिक जांच शुरु हो गई है। बेरला एसडीएम पिंकी मनहर के नेतृत्व में फैक्ट्री में ब्लास्ट की न्यायिक जांच 4 बिंदुओं पर की जाएगी तथा 45 दिन के अंदर न्यायिक जांच पूरी की जाएगी। बता दें, बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी के बारूद फैक्ट्री में 25 मई (शनिवार) की सुबह ब्लास्ट हो गया, जिसमें 1 कर्मचारी की मौत हो गई और 10-12 लोग घायल हो गए। वहीं मलबे में दब कर हुई मौतों की पुष्टी अब तक नहीं हो पाई है। लेकिन 8 से 10 कर्मचारियों के परिजनों ने विस्फ ोट के दौरान अपने परिवार के सदस्यों के वहीं मौजूद होने की बात कही है। इस घटना के बाद सीएम साय ने विस्फ ोट की मजेस्ट्रीयल जांच की घोषणा की थी, जिसके अनुसार अब न्यायिक जांच शुरु हो गई है। जांच चार बिंदुओं पर होनी है जिसमें दुर्घटना विस्फोट का कारण, फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किए गए सुरक्षात्मक उपायों का परीक्षण ,अनुज्ञप्ति, भंडारण उपयोग आदि का विवरण, दुर्घटना विस्फोट के लिए यदि कोई त्रुटि लापरवाही है, तो उत्तरदायित्व का निर्धारण तथा अन्य कोई सुझाव या बिंदु जो जांच अधिकारी सम्मिलित करना आवश्यक समझे बता दें, इन चार बिंदुओं पर बेमेतरा जिला कलेक्टर ने 27 मई को आदेश जारी किया था। इस मामले में एसडीएम पिंकी मनहर के नेतृत्व में 45 दिन के अंदर न्यायिक जांच पूरी की जाएगी।

### नदी में नहाने के दौरान डॉक्टर की डूबने से मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** नदी में नहाने उतरे दो डॉक्टरों में से एक डॉक्टर लापता हो गए है और रायपुर के एक डॉक्टर ने किसी तरह अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के मुताबिक बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोरगा के पास स्थित हसदेव नदी में स्नान के दौरान बिलासपुर के डॉक्टर डॉ. सिद्धार्थ ताम्रकार डूब गए, गोताखोरों की मदद से देर रात तक उसकी तलाश जारी रही। जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। सरकंडा बिलासपुर के लोधीपारा में रहने वाले डॉ. सिद्धार्थ ताम्रकार अपने दोस्त रायपुर निवासी डॉ. ऋषभ अग्रवाल के साथ रविवार को मैनपाट गए थे। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों सिम्स में एक साथ पढ़े हैं। सोमवार को दोनों कार से बिलासपुर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान हसदेव के पुल पर पहुंचे तो उनकी नदी में नहाने की इच्छा हुई। डॉक्टरों ने अपनी कार पुल के नीचे खड़ी कर नदी में उतर गए। पानी में वे गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और दोनों डूबने लगे। इस बीच ऋषभ जैसे-तैसे पानी से बाहर आ आए लेकिन सिद्धार्थ उनकी आंखों के सामने ही डॉ. सिद्धार्थ नदी की धारा में बह गए। डॉ. ऋषभ ने घटना की सूचना अपने परिचितों को दी और पुलिस को अवगत कराया। डॉ. ऋषभ रायपुर के लालपुर स्थित अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है।

### नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी गांव में दो बच्चियों की नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है। दोनों बच्चियां डैम में नहाने गई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां एक ही परिवार की थी. घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है. वहीं घटनी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, ये घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र के पीपरछेड़ी गांव की है. गांव में बालिका ओमलता यादव अपनी बुआ के घर गर्मी छुट्टी मनाने आई थी. वहीं आज सुबह बच्ची अपनी बुआ की बेटी के साथ डैम नहाने गई थी. इस दौरान दोनों बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने से दोनों की मौत हो गई. मृत बालिकाओं का नाम ओमलता यादव और दीपाली यादव हैं. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर ली है. दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मंत्रालय के समीप तैयार होगा नया रेलवे स्टेशन

**❑ दिवाली से पहले दौड़ेगी ट्रैन**

रायपुर | आरएनएस



नए रायपुर से पैसेंजर ट्रेन का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। मंत्रालय के पास आधुनिक स्टेशन जून में तैयार हो जाएगा, जब दिवाली से पहले रायपुर से मंदिर हसौद, नया रायपुर और सेंट्रल (अभनपुर) के लिए ट्रेनें शुरू होने की उम्मीद है।

रेलवे और नया रायपुर की इस संयुक्त परियोजना में नया रायपुर से केंद्री तक 25 किमी. रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है. साथ ही नया रायपुर क्षेत्र में तीन मॉडल स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मंत्रालय के पास बन रहे मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट (एमएमटी) में स्टेशन के पास बस और ऑटो की सुविधा उपलब्ध होगी।

एनआरडीए के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में डीआरएम और एनआरडीए के अधिकारियों ने स्टेशनों का संयुक्त दौरा किया था. इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और परियोजना को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी. अटल नगर, उद्योग नगर, मुक्तांगन के पास स्टेशन दिसंबर-2024 तक पूरा हो जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, मंत्रालय के पास सीबीडी रेलवे स्टेशन का काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है. इसके डिजाइन में कुछ अहम बदलाव किए गए हैं। गौरतलब है कि नया रायपुर से यह रेल प्रोजेक्ट दिसंबर 2022 में पूरा होना था। कोरोना काल के कारण भी प्रोजेक्ट में देरी हुई।

### रेलवे ब्रेकडाउन का समय

एनआरडीए अधिकारियों के मुताबिक नया रायपुर से केंद्री तक विद्युतीकरण के लिए रेलवे से समय पर ब्रेकडाउन नहीं मिल सका। इसके चलते गार्डर लगाने और ओएचई तार बिछाने में देरी हुई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, अभनपुर लाइन पर मालगाडिय़ां चलने के कारण लंबे समय तक ब्रेकडाउन करना मुश्किल था। एनआरडीए अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या का समाधान निकाल लिया गया है।

### ये लक्षण होंगे

1. मेट्रो सिटी की तर्ज पर स्टेशन के ऊपर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स।
2. स्टेशन पार्किंग क्षेत्र में ही बस, ऑटो, टैक्सी की सुविधा।
3. मनोरंजनात्मक सुविधाएं, रेस्तरां, होटल और कैफेटेरिया
4. 120 कि.मी. प्रति घंटा की गति से ट्रैक की मजबूती का परीक्षण किया गया 250 मीटर लंबा रेलवे पैच

### व्यय रु. 52 करोड़ से रु. 100 करोड़ का हुआ है

इस परियोजना में रायपुर से केंदरी होते हुए नया रायपुर स्टेशन तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया गया है। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट की लागत 52 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब इसकी लागत बढक़र 100 करोड़ रुपये के करीब हो गई है.

### रेलवे की बस्ती पर पड़ेगा बड़ा असर!

जानकारों के मुताबिक रेलवे का खुलना नया रायपुर को बसाने की दिशा में एक बड़ा मोड़ होगा। यहां मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, मंत्रियों और अधिकारियों के बंगले लगभग तैयार हो चुके हैं. रेल मार्ग से जुडऩे से बिलासपुर रायपुर-दुर्ग, भिलाई सहित प्रमुख शहरों से जुड़ जाएगा। आवागमन के साधन सुगम होंगे। इसके अलावा अधिकारियों को भी विभागीय कामकाज में सुविधा मिलेगी. यह मंदिर हसौद से करीब दो किमी दूर है। दरवाजाजो अटल नगर नया रायपुर का पहला स्टेशन होगा। एनआरडीए सीईओ सौरभ कुमार ने बताया कि रायपुर से केंद्री से नया रायपुर पैसेंजर ट्रेन जल्द शुरू होगी। मंत्रालय के पास बन रहे स्टेशन का काम जून में पूरा हो जाएगा, जबकि जुलाई में उद्घाटन का लक्ष्य रखा गया है। बाकी तीन स्टेशन भी जल्द तैयार हो जाएंगे। हाल ही में डीआरएम के साथ बैठक के दौरान प्रोजेक्ट को पूरा करने को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई.

## ग्रीष्मकालीन खेल शिविर अंतर्गत सारंगढ़ के क्लब हाउस में बैडमिंटन खिलाडी ले रहे ट्रेनिंग

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सारंगढ़ में विभिन्न खेलों का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें कोच और पीटीआई के द्वारा फुटबॉल बैडमिंटन क्रिकेट एथलेटिक्स कराटे वॉलीबॉल जैसे खेलों का प्रशिक्षण निरंतर जारी है। बैडमिंटन खेल का प्रशिक्षण इनडोर स्टेडियम क्लब हाउस

सारंगढ़ में कोच और वरिष्ठ खिलाड़ियों के द्वारा नन्हे बच्चों से लेकर अंदर-19 के खिलाड़ियों को प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दरमियान नन्हे खिलाड़ियों की भीड़ और उनमें सीखने की ललक इस प्रशिक्षण शिविर की सफलता को बयां कर रही है। कोच जांगड़े ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में उम्मीद से अधिक बच्चे खिलाड़ी और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं। स्कूलों के लंबी छुट्टी में बच्चों के लिए यह एक अनुकरणीय पहल है। वरिष्ठ खिलाड़ी एवं सहायक प्रशिक्षक के रूप में खेल संघ सारंगढ़ अध्यक्ष गोल्डी नायक ने कहा कि प्रशासन की पहल खेल के क्षेत्र में निरंतर होनी चाहिए। जिले के लिए यह पहला मौका है। इससे बच्चों को सीखने का मौका तो मिलता है और वह खेल के प्रति प्रोत्साहित होते हैं साथ ही बच्चों में खेल भावना का विकास होता है। आपस में मैच खेलने और अभ्यास करना एक अलग बात है, लेकिन एक प्रशिक्षक के साथ प्रशिक्षण लेना खिलाड़ी के खेल स्तर को सुधार करता है। वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद खलील ने कहा कि जिला कलेक्टर धर्मेश साहू जी के द्वारा खिलाड़ी बच्चों को सीखने का शुभ अवसर मिला है। बैडमिंटन के खिलाड़ी जिला पुलिस कप्तान पुष्कर शर्मा और एसडीएम वासु जैन जी निरंतर अभ्यासरत है। इन्हें देखकर प्रशिक्षण में आ रहे खिलाड़ी बच्चे भी मोटिवेट हो रहे हैं। सारंगढ़ में बैडमिंटन का खेल स्तर उत्कृष्ट है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी कौशल ठेठवार जी ने कहा कि जिस उद्देश्य से समर कैंप को प्रारंभ किया गया है, उसका प्रतिसाद प्राथमिकता से मिल रहा है। बच्चे खुद-ब-खुद जुड़ रहे हैं। अगले साल से इसे और ज्यादा प्रचार प्रसार कर वृहद रूप से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में बचपन की छवि 5-6 वर्ष के बच्चों की उपस्थिति चहल पहल से सबसे ज्यादा प्रसन्नदायक है। प्रशिक्षण शिविर में खेल प्रशिक्षकों के साथ पालकों ने भी ध्यान दिया है। आशा है इस शिविर के माध्यम से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास भी अच्छे से होगा।

## खनिज विभाग की टीम ने दो ट्रेलर को किया जब्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश और खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने बरमकेला एवम सरिया क्षेत्र का दौरा किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सरिया क्षेत्र में 02 ट्रेलर (चूनापत्थर और डोलोमाइट) अवैध परिवहन करते पाये जाने पर मोके पर ही इन वाहनो को जप्त कर आगामी कार्यवाही तक थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्दगी में दिया गया। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नन्द और पुलिस कर्मी थे।

## जुआ रेड : सपिया रोड़ नहर किनारे ताश पत्ती से जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को खरसिया पुलिस ने पकड़ा, आरोपियों से13,550 रुपए जब्त

रायगढ़

गस्त दौरान चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में चौकी खरसिया की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर सपिया रोड नहर किनारे जुआ खेल रहे जुआ के दो फड पर 10 जुआरियों को पकड़ा गया। एक जुआ फड पर जुआरियान - 1. रमेश राठौर पिता नत्थूराम राठौर उम्र 38 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, 2. अनिल कुमार राठौर पिता धनेश्वर उम्र 31 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, 3. समीर राठौर पिता मंगल सिंह उम्र 19 वर्ष सा. मटखनवापार पुरानी बस्ती खरसिया, 4. समीर खान पिता सम्मी खान उम्र 20 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, 5. कमल कुमार राठौर पिता बालमुकुंद उम्र 30 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया तथा दूसरे जुआ फड पर जुआरियान- 1. राकेश गबेल पिता सत्यनारायण उम्र 25 वर्ष सा. तुरीभांठा चौकी खरसिया, 2. कृष्णा धीवर पिता बालाराम उम्र 35 वर्ष सा. तुरीभांठा चौकी खरसिया, 3. पप्पु राजपुत पिता सौकी लाल उम्र 30 वर्ष सा. अटल अवास खरसिया चौकी खरसिया, 4. नेपाल कुमार यादव पिता पिताम्बर यादव उम्र 29 वर्ष सा. गीधा थाना खरसिया, 5. सुरेश टंडन पिता सुखचैन उम्र 48 वर्ष सा. फगुरम थाना डभरा, जिला सक्ती को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के फड एवं पास से कुल 13,550 रूपये व दो 52 पत्ती ताश की गड्डी जप्त की गई है। जुआरियों पर चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में अप.क्र. 327/2024 एवं अप.क्र. 328/2024 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। जुआ रेड कार्रवाई में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक संजय कुमार नाग, प्रधान आरक्षक अशोक कुमार देवांगन, आरक्षक कीर्ती सिदार, साविल चन्द्रा, डमरूधर पटेल और सोहन लाल शामिल थे।

## समर कैंप अंतर्गत रायगढ़ जिले के उच्चतम अंक प्राप्त बच्चों को दिखाई जाएगी इंस्पायरिंग मूवी 'श्रीकांत'

**❑ ग्रैंड सिनेमा में 29 मई को प्रात: 09 बजे से होगा अलग शो, उच्चतम प्राप्त करने वाले 80 बच्चे होंगे शामिल**

**❑ उच्च अंक प्राप्त बच्चों को प्रोत्साहित करना मुख्य उद्देश्य**

**रायगढ़।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्कर्ष : भविष्य की उड़ान के तहत शिक्षाप्रद फिल्म का प्रदर्शन 29 मई को प्रात: 9 बजे से ग्रैंड माल रायगढ़ में किया जाएगा।

जिला नोडल भुवनेश्वर पटेल ने कहा कि जिंदगी में इंस्पिरेशन हर किसी को चाहिए होती है। जिंदगी में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जब सफल होने के बावजूद भी उचित अवसर नहीं मिलने पर हम भीतर से लो फील करते हैं। श्रीकांत मूवी हमें यही सिखाती है कि हमें कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, अगर आपके सपने आपके विजन बड़े हैं तो मेहनत भी बड़ी होनी चाहिए, अपने सपनों को सच साबित करने के रास्ते में रुकावटें भी आएंगी मुश्किलें भी आएंगी, लेकिन उन रूकावटों और मुश्किलों को पार करके हम कैसे आगे बढ़ते हैं।

इसी इंस्पिरेशन के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में संचालित समर कैंप 2024 के अंतर्गत स्कूली बच्चों को ग्रैंड मॉल में इंस्पायरिंग मूवी 'श्रीकांत' दिखाई जाएगी। विदित हो कि रायगढ़ के ग्रैंड सिनेमा में 29 मई 2024 को प्रात: 9 बजे से स्कूली बच्चों के लिए अलग से यह शो ऑर्गेनाइज किया जा रहा है, जिसमें जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 80 बच्चे सम्मिलित होंगे। ताकि बच्चों को प्रेरणा मिल सके। इनके साथ स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को प्रेरणा मिले और स्वयं आगामी परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने का प्रयास करें।

## श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में हुई वृद्धि, श्रम विभाग ने जारी किया आदेश

**❑ अकुशल श्रमिकों के लिए 10,900 रुपए, अद्र्धकुशल 11,550 रुपए, कुशल 12,330 रुपए और उच्च कुशल के लिए 13,110 रुपए वेतन होगी प्रतिमाह**

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 280 रूपए की वृद्धि की गई। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 280 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। इसी प्रकार अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 7.08 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार 01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर को किया जाता है। जारी आदेशानुसार श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है। जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10,900 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 10,640 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 10,380 रूपए निर्धारित की गई है। अद्र्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11,550 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 11,290 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 11,030 रूपए निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12,330 रूपए, 'ब' के लिए 12,070 रूपए तथा 'स' के लिए 11,810 रूपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उच्च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 13,110 रूपए, 'ब' के लिए 12,850 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 12,590 रूपए किया गया है। उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

## छत्तीसगढ़ में दिन में लू जैसे हालात, रात में हो रही बेचैनी, येलो अलर्ट जारी

रायपुर | आरएनएस



देश समेत छत्तीसगढ़ में चल रहे नवतपा के दूसरे दिन गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. राजधानी का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच चुका है. तेज धूप की वजह से दोपहर आग उगलती गर्मी महसूस हुई, वहीं रात को तीन डिग्री ज्यादा तापमान से बेचैनी बढ़ गई. शाम होने के बाद चक्रवाती तूफान के असर से बादल तो छाए, मगर गर्मी पर इसका कोई असर नहीं हुआ.

तेज धूप और गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग द्वारा तीन दिन का येलो अलर्ट जारी किया गया है. नवतपा के दूसरे दिन तापमान ने अपना असर दिखाया. खासकर प्रदेश के मध्य हिस्से में आग उगलने वाली गर्मी महसूस होने लगी है.

रविवार को राज्य में आने वाली हवा की दिशा बदलकर उत्तर- पश्चिम हो गई और शुष्क हवा से दोपहर के वक्त लू का अहसास होने लगा. गर्मी इतनी अधिक थी कि लोगों ने बेचैनी महसूस की दोपहर बाद चक्रवाती तूफान के असर से बादल छा गए. इससे धूप से तो राहत मिली, मगर गर्मी ने अपनी कहर बरपाना कम नहीं किया. अभी दिन के साथ रात में भी गर्मी की वजह से बेचैनी का दौर जारी है और तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है. अगले चौबीस घंटे में रात में बेचैनी और बढऩे की संभावना जताई गई है.

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अगले तीन दिन तक रायपुर समेत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में अगले तीन दिन तक ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक ग्रीष्म लहर की स्थिति गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला – मानपुर, खैरागढ़- छुईखदान, बालोद, बेमेतरा एवं कबीरधाम जिले के एक-दो हिस्सों में रह सकती है. इसके अलावा 28, 29, 30 मई को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग संभाग के सभी जिलों में लू जैसे हालात बन सकते हैं.

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU